Hindi

Engaging our parents and carers

NSW शिक्षा विभाग

हमारे माता-पिता और देखभाल करने वालों को शामिल करना

सभी के लिए बेहतर शिक्षा को बढ़ावा देना

education.nsw.gov.au

NSW GOVERNMENT

मेरी क्या भूमिका है?

माता-पिता या देखभालकर्ता के रूप में, अपनी संतान की शिक्षा की यात्रा और परिणामों के लिए आपकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। अपनी संतान की शिक्षा में शामिल होने के सहायक तरीकों में शामिल हैं:

- उनके शैक्षिक लक्ष्यों और आकांक्षाओं को समझना, चाहे वे अकादमिक, सामाजिक, भलाई या उसके अतिरिक्त हो
- आपकी संतान की रुचियों और वे स्कूल में क्या सीख रहे हैं, इस पर ध्यान देकर घर पर शिक्षा को सुदृढ़ करने के तरीके खोजना। एनएसडब्ल्यू शिक्षा मानक (NSW Education Standards) वर्तमान पाठ्यक्रम और घर पर अपनी संतान की शिक्षा में सहायता करने के लिए संसाधनों के लिंक्स तक पहुँच प्राप्त करना।
- अपनी संतान के विकास में सहायता के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करना
- अपने स्कूल या प्रतिक्रिया (फीडबैक) के अन्य चैनलों के माध्यम से प्रशंसाओं, प्रतिक्रिया या सुझाव को सम्मानपूर्वक साझा करना।

आपका उत्तरदायित्व

आप हमारे विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक सीखने का माहौल बनाकर और एनएसडब्ल्यू के सरकारी (पब्लिक) स्कूलों के साथ सम्मानजनक तरीके से जुड़कर अपनी संतान की शिक्षा का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसमें शामिल है:

- शिक्षकगणों और स्कूल के स्टाफ के साथ सम्मान से पेश आना
- स्कूल के स्टाफ जिस परिवेश में और जिन बाधाओं के साथ काम करते हैं, उन्हें समझना जिसमें काम के घंटे और उपलब्धता शामिल है
- एक सुरक्षित और स्वागत योग्य परिवेश का निर्माण करने वाले तरीके से कार्य करना
- अपनी संतान की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के साथ साझेदारी में काम करना
- आवश्यकतानुसार और जहाँ उपयुक्त हो, स्कूल की सामग्रियों, नीतियों और सूचनाओं के साथ जुड़ना
- विद्यार्थियों और कर्मचारियों की भलाई को प्राथमिकता देना।

अपनी जिम्मेदारी और आपकी भूमिका के बारे में जानकारी के लिए स्कूल कम्युनिटी चार्टर (School Community Charter) पढ़ना।



माता-पिता और देखभाल करने वाले बच्चे के पहले शिक्षक होते हैं।

वे अपने बच्चों को सहायता, गुण और जीवन भर के लिए सबक प्रदान करते हैं।

साथ ही, बच्चों को शिक्षण पेशेवरों की विशेषज्ञता और एक संरचित (स्ट्रक्चर्ड) शिक्षा के वातावरण से लाभ होता है।

शोध से पता चलता है कि स्कूल में अपनी संतान की शिक्षा में माता-पिता और देखभाल करने वालों को शामिल करने से बेहतर शैक्षिक और कल्याणकारी परिणाम प्राप्त होते हैं।

यही कारण है कि हम शिक्षा समुदायों में, शिक्षार्थियों, माता-पिता और देखभाल करने वालों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच, सहभागिता और सकारात्मक शिक्षा और कल्याणकारी परिणामों को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए मजबूत साझेदारी का निर्माण कर रहे हैं।

मजबूत भागीदारी तब बनती है जब माता-पिता, देखभाल करने वाले, शिक्षक और कर्मचारी परस्पर सम्मान के साथ मिलकर काम करते हैं और इस बात की आपसी समझ रखते हैं कि जिन शिक्षार्थियों की वे सहायता करते हैं उनके सर्वोत्तम हित में कौन सी बातें हैं।

हमारी वचनबद्धता

हम ऑस्ट्रेलिया की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रणाली और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक बनने का प्रयास करते हैं। हम अपने शिक्षार्थियों को एक जटिल और गतिशील समाज में जुड़े हुए नागरिकों के रूप में लाभप्रद जीवन के लिए तैयार कर रहे हैं।

माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ-साथ बाकी समुदाय के साथ सकारात्मक भागीदारी बनाने सहित स्कूल निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस कार्य के बारे में अधिक जानकारी हमारे स्कूल एक्सीलेंस फ्रेमवर्क (Schools Excellence Framework) में प्राप्त करें।

प्रभावशाली सहभागिता के 5 सिद्धांत

हमारा लक्ष्य पांच मार्गदर्शक सिद्धांतों के माध्यम से माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ अपनी सहभागिता को मजबूत करना है।

मुझे एक्सेस (पहुँच) देना

एक सुरक्षित और स्वागत करने वाला वातावरण प्रदान करें

मेरे लिए भाग लेना आसान बनाएँ

वातावरण को समझने के लिए मेरा साथ दें

मुझसे खुलकर बात करना

मुझे सूचित रखें और मेरे लिए इसे समझना आसान बनाएँ

मेरे लिए आपके साथ बात करना आसान बनाएँ

समय पर जवाब दें

मेरे साथ भागीदारी करना

इस बारे में स्पष्ट रहें कि मैं क्या उम्मीद कर सकता/ती हूँ और मुझसे क्या उम्मीद की जा सकती है

साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेरे साथ भागीदार बनें

हमारी चर्चाओं पर आगे करवाई करें

मेरी स्थिति को समझना

मेरी बात सुनें

मेरा दृष्टिकोण माँगें

दिखाएँ कि आप मेरी व्यक्तिगत परिस्थितियों को समझते/ती हैं

मेरी पसंद का मार्गदर्शन करना

मेरे विकल्पों को स्पष्ट रूप से समझाएं

निर्णय कैसे लिए जाते हैं, इस बारे में स्पष्ट रहें

मुझे निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करें

मुझे एक्सेस (पहुँच) देना

प्रभावी जुड़ाव आसान पहुँच पर निर्भर करता है। इसका मतलब है कि माता-पिता और देखभाल करने वालों को वीकार किया जाना और सुरक्षित महसूस करने की जरूरत है। उन्हें सभी अलग-अलग तरीकों से जुड़ने के अवसरों की भी आवश्यकता होती है।

एक सुरक्षित औरसहर्ष स्वीकार करने वाला वातावरण प्रदान करना

- अपनी संतान के स्कूल के संबंध में, मैं व्यक्तिगत रूप से और ऑनलाइन सुरक्षित और आदर महसूस करता/ती हूँ
- मैं अपनी संतान की ज़रूरतों के बारे में कोई भी चिंता या अनुरोध करने में सहज महसूस करता/ती हूँ

मेरे लिए हिस्सा लेना आसान बनाना

- मैं किसी भी कार्य को आसानी से तब पूरा कर सकता/ती हूँ जब वह मेरी सुविधानुसार हो
- मैं अपनी जरूरत की जानकारी को उस भाषा और प्रारूप (फॉर्मैट) में एक्सेस कर सकता/ती हूँ जिसे मैं समझता/ती हूँ

परिवेश को समझने के लिए मेरी सहायता करना

- मैं यह देखने में सक्षम हूँ कि मेरी संतान क्या सीख रही है और यह जान सकता/ती हूँ कि मैं उनकी सहायता कैसे कर सकता/ती हूँ
- मैं उन संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकता/ती हूँ जो मुझे यह समझने में मदद करते हैं कि स्कूल में क्या हो रहा है

मुझसे खुलकर बात करना

खुला संचार माता-पिता, देखभाल करने वालों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच विश्वास बनाता है। एक व्यक्ति कैसे और कितना संवाद करना पसंद करता है, यह अलग-अलग होगा। इसलिए हम जिस तरह से संवाद करते हैं, उसके बारे में लचीला होना महत्वपूर्ण है।

मुझे सूचित रखें और मेरे लिए इसे समझना आसान बनाना

- मेरी संतान क्या कर रही है और जिन गतिविधियों या कार्यों में वह शामिल हो उसके बारे में मुझे प्रासंगिक, स्पष्ट और समय पर जानकारी प्राप्त होती है
- मुझे मेरी संतान की शिक्षा, भलाई और विकासात्मक प्रगति और उसके सामने उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में सूचित किया जाता है

मेरे लिए आपसे बातचीत करना आसान बनाना

- मैं शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ आसानी से बात कर सकता/ती हूँ, और सही व्यक्ति से संपर्क कर सकता/ती हूँ
- मैं आसानी से प्रतिक्रिया साझा कर सकता/ती हूँ, जिसमें मेरी कोई भी सराहनाएँ या शिकायतें शामिल हो सकती है

समय पर प्रतिक्रिया देना

- जब मैं अपनी संतान के स्कूल के साथ बातचीत करता/ती हूँ तो मुझे ऐसी प्रतिक्रियाएं मिलती हैं जो समय पर और सम्मानजनक दोनों, होती हैं

मेरे भागीदार बनना

जब शिक्षक और कर्मचारी माता-पिता और देखभाल करने वालों के साथ भागीदारी करते हैं, तो सभी को विभिन्न प्रकार के विचारों और अनुभवों से लाभ होता है। भागीदारी और सहयोग के माध्यम से, परिवार और शिक्षक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करते हैं जो हमारी संतान को सफल होने में मदद करती है।

इस बारे में स्पष्ट रहना कि मैं क्या उम्मीद कर सकता/ती हूँ और मुझसे क्या उम्मीद की जा सकती है

- मैं स्पष्ट रूप से समझता/ती हूँ कि मुझे क्या करना चाहिए और मैं अपनी संतान के शिक्षकों और कर्मचारियों से क्या करने की उम्मीद कर सकता/ती हूँ
- मुझे दिखाया गया है कि मैं अपनी संतान के सीखने और विकास में कैसे मदद कर सकता/ती हूँ

साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेरे साथ भागीदार बनना

- मुझे अपनी संतान के साथ लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलती है
- मैं इन साझा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपनी संतान के शिक्षकों और कर्मचारियों की भागीदारी में काम करता/ती हूँ

हमारी चर्चाओं पर आगे कार्यवाही बनना

- मैं सहमति के अनुसार पूरी की जाने वाली किसी भी कार्रवाई पर भरोसा कर सकता/ती हूँ

मेरी स्थिति को समझना

माता-पिता और देखभाल करने वाले यह महसूस करना चाहते हैं कि उनकी संतान को समझा गया है और उन्हें अपनी क्षमता हासिल करने के लिए आवश्यक सहायता प्राप्त है। आत्मविश्वास संचार, जुड़ाव (कनेक्शन) और जवाबदेही के साथ आता है। एक बच्चे की शिक्षा के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर एक-दूसरे को समझने और बंधन को समझने के लिए समय निकालना अत्यधिक मूल्यवान है।

मेरी राय सुनना

- मुझसे पूछा गया है कि मेरे लिए क्या महत्वपूर्ण है और मैं अपनी प्रतिक्रिया के परिणामस्वरूप क्या देखना चाहता/ती हूँ

मेरे दृष्टिकोण को आमंत्रित करना

- मेरी संतान की ज़रूरतों पर मेरे विचार सुने जाते हैं और उन्हें महत्व दिया जाता है

दिखाते है आप मेरी व्यक्तिगत परिस्थितियों को समझते हैं

- मेरी संतान और मेरी व्यक्तिगत परिस्थितियों को समझा और माना जाता है
- मेरी संस्कृति का सम्मान किया जाता है

मेरे चुनावों (चॉइसेस) में मेरा मार्गदर्शन करना

माता-पिता और देखभाल करने वाले जो निर्णय लेते हैं और वे अपनी संतान की शिक्षा के माध्यम से जो सहायता प्रदान करते हैं, उसके दीर्घकालिक परिणाम हो सकते हैं। यही कारण है कि वे निर्णय लेने में शामिल होना चाहते हैं। माता-पिता और देखभाल करने वालों की अपनी संतान की स्थिति को पेश करने और उनके जीवन पर किसी भी संभावित प्रभाव को समझने के लिए विशिष्ट स्थिति होती है।

मेरे चुनावों को स्पष्ट रूप से समझाना

- मुझे, मेरे और मेरी संतान के लिए किसी भी उचित अवसर और विकल्पों के बारे में सूचित किया जाता है
- मेरे योगदानों को स्वीकार और प्रोत्साहित किया जाता है

निर्णय कैसे लिए जाते हैं, इस बारे में स्पष्ट रहना

- मुझे किए गए किसी भी निर्णय और उनके संभावित परिणामों के बारे में पूर्ण स्पष्टीकरण दिया गया है

मुझे निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना

- मेरी संतान की शिक्षा के बारे में निर्णयों में मेरे दृष्टिकोण का स्वागत और उनपर विचार किया जाता है